गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2020 01.07.2020

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया **"श्री ई एस रंगनाथन ने गेल के निदेशक (विपणन) के रूप में पदभार ग्रहण किया"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :
ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

श्री ई एस रंगनाथन ने गेल के निदेशक (विपणन) के रूप में पदभार ग्रहण किया

नई दिल्ली, 1 जुलाई, 2020: श्री ई एस रंगनाथन ने आज गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (विपणन) के रूप में पदभार ग्रहण किया।

केरल के पालघाट के एनएसएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियर के रूप में, श्री रंगनाथन मार्केटिंग में विशेषज्ञता के साथ एमबीए हैं। उनके पास तेल और गैस क्षेत्र में, विशेष रूप से परियोजना निष्पादन और प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के प्रचालन और रखरखाव, गैस विपणन, व्यापार विकास और व्यवसाय सूचना प्रणाली में इंजीनियरिंग और योजना, प्रक्रिया प्रबंधन, कार्यक्षेत्र प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, अनुसूची प्रबंधन, उद्यम संसाधन योजना, प्रौद्योगिकी उन्नयन, वेंडर प्रबंधन और गुणवत्ता आश्वासन आदि के क्षेत्र में लगभग 35 वर्षों का समृद्ध और विविध अनुभव है ।

निदेशक (विपणन) के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, श्री रंगनाथन ने प्रबंध निदेशक, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड और कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट ओ एंड एम), गेल के रूप में कार्य किया और उन्होंने दहेज - विजयपुर, विजयपुर - दादरी और बवाना नांगल पाइपलाइन परियोजनाओं की कमीशनिंग में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। व्यावसायिक समाधानों के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में दृढ़ विश्वास रखने वाले, श्री रंगनाथन ने ओ एंड एम और परियोजना प्रबंधन के क्षेत्र में स्मार्ट (SMART) कार्य के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में अग्रणी भूमिका निभाई।

आईजीएल के प्रबंध निदेशक के रूप में, श्री रंगनाथन ने हरियाणा, यूपी और राजस्थान में प्रचालन के विस्तार का नेतृत्व किया और म्यांमार में न्यू यंगून परियोजना में एक अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी प्रवेश किया। वे भारत और विदेशों में विभिन्न उद्योग मंचों में सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिसमें सदस्य तकनीकी के रूप में फ्लुइड कंट्रोल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में, समन्वय टीम के सदस्य के रूप में इंडियन स्टैंडर्ड फॉर मीटरिंग डिजाइन तथा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का निर्माण आदि शामिल हैं। वे अफ़गानिस्तान में गैस पाइपलाइन प्रणाली के पुनरुद्धार में एडीबी के सलाहकार थे और नीदरलैंड में स्थित पाइपलाइन ऑपरेटर फोरम में देश का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं।

श्री रंगनाथन को आईजीएल का नेतृत्व करने में उनकी भूमिका के लिए फोर्ब्स इंडिया लीडरशिप अवार्ड 2019 से सम्मानित किया गया है। उन्हें बिजनेस स्टैंडर्ड एनुअल अवार्ड्स 2019 में स्टार पीएसयू श्रेणी में विजेता घोषित किया गया।